**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांकः 27.02.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- **राज्य विधानसभा में कई दिनों से जारी गतिरोध समाप्त–वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा के बाद कांग्रेसी विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल।**
- **एशिया–प्रशांत क्षेत्र में थ्री आर तथा सर्कुलर इकोनॉमी का 12वां क्षेत्रीय फोरम तीन मार्च से जयपुर में।**
- **प्रदेशभर के विभिन्न केन्द्रों पर आज पहले दिन की रीट परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न–तीसरी पारी की परीक्षा कल सुबह।**
- **पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कई भागों में एक बार फिर मौसम का मिजाज़ बदला–छह जिलों में आंधी–बारिश का येलो अलर्ट।**

000

राज्य विधानसभा में कई दिनों से जारी गतिरोध आज समाप्त हो गया है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा के बाद कांग्रेसी विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। इस संबंध में आज सदन के नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विपक्षी नेताओं से चर्चा की। इसके बाद गतिरोध समाप्त करने पर सहमति बनी। सदन ने कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा सहित कांग्रेस के छह सदस्यों के निलम्बन की वापसी का प्रस्ताव पारित कर दिया। बाद में सदन में कार्यवाही में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

000

एशिया और प्रशांत क्षेत्र में थ्री आर तथा सर्कुलर इकोनॉमी का 12वां क्षेत्रीय फोरम जयपुर में आगामी तीन मार्च से आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने बताया कि तीन दिन के इस आयोजन का लक्ष्य कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की दिशा में सर्कुलर सोसायटीज़ को आकार देना है। श्री साहू ने बताया कि ये कार्यक्रम सर्कुलर इकोनॉमी से जुडे प्रयासों को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेगा और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक मंच पर साथ लाएगा।

...............

इस अवसर पर स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बताया कि प्रदेश इस आयोजन के लिए तैयार है। इस आयोजन से प्रदेश के शहरों को स्वच्छ बनाने के लिए नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका विभाग फोरम की तैयारियों में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है और सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में भी भाग लेगा।

............

गौरतलब है कि यू.एन.सी.आर.डी. द्वारा 2008 में शुरू किये गये इस फोरम का उद्देश्य, एशिया प्रशांत क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों को थ्री आर यानि रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल और सर्कुलेरेटी को मुख्य धारा में लाने के लिए नीतिगत इनपुट प्रदान करना है।

000

प्रदेश में पंचायतों के पुनर्गठन के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति की पहली बैठक आज जयपुर में हुई। पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायतों के पुनर्गठन को लेकर शुरूआती चर्चा हुई और विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रस्तावों की जानकारी ली गई। बैठक में समिति के सचिव और पंचायती राज विभाग के शासन सचिव जोगाराम भी उपस्थित थे। बैठक में समिति के सदस्य गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, खाद्य और आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर मौजूद रहे।

000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि देश को 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज जयपुर के एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित राजस्थान विज्ञान महोत्सव में शिक्षा मंत्री ने कहा कि विज्ञान और नवाचार में युवाओं की भागीदारी ही उन्हें वैश्विक नेतृत्व प्रदान कर सकती है। उन्होंने युवाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीन प्रयोगों के लिए प्रेरित करते हुए वैश्विक स्तर पर कौशल का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान भारती और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये और वेद तथा अन्य प्राचीन ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया।

000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट आज प्रदेशभर के विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित की गई। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित हो रही ये परीक्षा दो पारियों में ली गई। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया परीक्षा में 14 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी पंजीकृत थे। उन्होंने बताया कि दो दिन की इस परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली।

000

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन दिनों डीग रेलवे स्टेशन को अपग्रेड करने का काम किया जा रहा है। संभागीय प्रबंधक संचालन प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि योजना के तहत आगरा मंडल के 15 स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है। इसमें नवगठित डीग जिले के रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है। स्टेशन पर 14 करोड़ 30 लाख रुपयों की लागत से कार्य करवाए जा रहे हैं।

000

जैसलमेर में संभाग स्तरीय चार दिवसीय आरोग्य मेला आज से शुरू हुआ। जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित मेले में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक, यूनानी तथा होम्योपैथी पद्धति से मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजीव लोचन ने बताया कि मेले में आयुष की विभिन्न विद्याओं और थैरेपियों से आमजन को लाभांवित किया जा रहा है।

000

सीकर जिले का प्रसिद्ध खाटूश्याम जी का लक्खी मेला कल से शुरू हो रहा है। दस दिन तक चलने वाले मेले को लेकर जिला प्रशासन और मंदिर कमेटी ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि विभिन्न मार्गों से आने वाले श्रद्धालुओं और वाहन चालकों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

000

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई भागों में एक बार फिर मौसम का मिजाज़ बदला है। इसके असर से जयपुर सहित पूर्वी जिलों में कई स्थानों पर बादल छाए रहे। भरतपुर में दोपहर बाद बूंदाबांदी हुई। पाली और जालोर में मौसम खुशगवार बना रहा। सरहदी जिले जैसलमेर और बाडमेर में दिनभर बादलों की आवाजाही रही। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं और सीकर ज़िलों में अगले दो दिनों के भीतर आंधी और बारिश की गतिविधियां हो सकती हैं। विभाग ने इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा विभिन्न जिलों में इस दौरान तापमान में उतार–चढ़ाव बना रहेगा। पश्चिमी जिलों में गर्मी का असर और बढ़ने की संभावना है।

000

कोटपुतली बहरोड जिले में आज आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप लगाया गया। डाक विभाग की ओर से आयोजित शिविरों में सुकन्या समृद्धि योजना सहित विभाग द्वारा जारी विभिन्न बचत योजनाओं की भी उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों के नए आधार कार्ड बनाने के साथ ही पुराने आधार कार्ड में संशोधन भी किया गया।

000